प्रकृति

कार्यक्रम

केन्द्रीय विद्यालय, तिवरी (जोधपुर) में आफरी द्वारा संभाषण, प्रदर्शनी का आयोजन

दिनांक : 05.03.2021

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा दिनांक 05.03.2021 को "प्रकृति" कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय विद्यालय, तिवरी (जोधपुर) में संभाषण एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में श्री धानाराम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं श्री अनिल सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने प्राचार्य श्री महेन्द्र सिंह के साथ केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली और भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के बीच हुए समझौता ज्ञापन के बारे में चर्चा की। इसी क्रम में श्री धानाराम ने कक्षा 6th एवं 7th के 88 विद्यार्थियों को 'वन एवं पर्यावरण' विषय पर संभाषण देते हुए ग्लोबल वार्मिंग एवं हरितगृह प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री महेन्द्र सिंह ने भी विचार प्रकट किए।

श्री अनिल सिंह चौहान वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने प्राचार्य श्री महेन्द्र सिंह को आफरी का प्रचार-प्रसार साहित्य भी उपलब्ध कराया तथा विद्यालय परिसर मे छात्र–छात्राओ, स्टाफ आदि को पौध रोपण तकनीक के बारें में जानकारी प्रदान की।

आफरी द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी जिसमें वनों से होने वाले लाभ, विभिन्न पर्यावरणीय दिवसों की सूचना के विवरण सहित बोर्ड एवं विभिन्न पोस्टरों से संस्थान की अनुसंधान गतिविधियां प्रदर्शित की गई । प्रदर्शनी में विभिन्न वृक्ष एवं घास प्रजातियों के बीज, गोंद, जड़, फल, वनोत्पाद, आफरी नर्सरी में तैयार पौधे, रूट ट्रेनर आदि का प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शनी का विद्यालय के कक्षा 6 एवं 7 के 88 विद्यार्थियों तथा स्टाफ ने अवलोकन कर वानिकी अनुसंधान संबंधी जानकारी ली। श्री अनिल सिंह एवं श्री धानाराम, ने विभिन्न जानकारी प्रदर्शनी में आगंतुकों को दी।

"प्रकृति" कार्यक्रम की कुछ झलकियां

प्रकृति

कार्यक्रम

केन्द्रीय विद्यालय, तिंवरी
KENDRIYA VIDYALAYA, TIVRI
मुख्य अनुसंधान क्षेत्र
वनों के लाभ
तकनीक
LACCIFER

केन्द्रीय विद्यालय
ENDRIYA VIDYALAYA
INFORMATION BOOKLET